# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## जोन-दक्षिणी/ थाना -गोसाईगंज

**प्रेसनोट सं0-238**
**दिनांक-25.01.2025**

**परचून की दुकान में चोरी की घटना का 24 घण्टे के अंदर किया गया सफल अनावरण**

- **02 शातिर चोर/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया।**
- **चोरी का सामान व नगदी बरामद।**

**01-संक्षिप्त विवरण –**

थाना पुलिस द्वारा 01 बाल अपचारी को पुलिस हिरासत में लेते हुये 02शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। वादी मुकदमा श्री सुनील कुमार पुत्र सर्वजीत निवासी ग्राम पहासा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ द्वारा दिनांक 24.01.2025 को पंजीकृत करायी गयी प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार उसकी परचून की दुकान पहासा गांव के बाहर स्थित है। दिनांक 23.01.2025 को प्रतिदिन की भाँति वादी मुकदमा रात करीब 8 बजे दुकान बंद करके अपने घर चले आये थे।

फिर अगले दिन सुबह जब वह दुकान खोलने गये तो उनको चोरी की जानकारी हुई। चोरी के सम्बन्ध में उनके द्वारा थाना स्थानीय को सूचना देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया।

जिसके उपरान्त थाना स्थानीय से पुलिस टीम का गठन कर तत्परता के साथ घटना के अनावरण का प्रयास किया गया एवं 24 घण्टे के साक्ष्यो के आधार पर दुकान से चोरी करने वाले 01 बाल अपचारी को पुलिस हिरासत में लेते हुये 02 शातिर चोरों को ग्राम पहासा मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

जिनके कब्जे से चोरी का सामान एवं 3,526/- रुपये नगदी बरामद किया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही करदोनों अभियुक्तों कोजिला कारागार एवं बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेजा गया।

**02-गिरफ्तार/हिरासत अभियुक्तों का विवरण–**

1. शिवा रावत पुत्र पुत्तन रावत निवासी ग्राम हुलासखेड़ा थाना मोहनलालगंजलखनऊ उम्र करीब19 वर्ष
2. सर्वेश कुमार रावत पुत्र श्रीकेशन निवासी ग्राम बल्दीखेड़ा थाना गोसाईगंज लखनऊ उम्र करीब 19 वर्ष
3. बाल अपचारी उम्र करीब 15 वर्ष(पुलिस संरक्षण में लिया गया)

**03-पंजीकृत अभियोग-**

1.मु0अ0सं0 40/25 धारा 331(4)/305ए/317(2) बीएनएस थाना गोसाईगंज, लखनऊ

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## जोन-उत्तरी/ थाना-गुडम्बा

**प्रेसनोट सं0- 246**
**दिनांक-25.01.2025**

## मिशन शक्ति फेज-5

- **छात्र एंव छात्राओं को उनके अधिकार बताकर किया जागरूक ।**

**लखनऊ।** थाना गुडम्बा क्षेत्र के अंतर्गत इण्टीग्रल विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत दिनांक 25.01.2025 को जागरूकता कार्यक्रम मिशन शक्ति का प्रदर्शनी लगाकर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र एंव छात्राओं को  महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों और उन्हें उपलब्ध सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया।

- **इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक थाना गुडम्बा श्री प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव , म0उ0न0 पम्मी नायक अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी तथा विद्यालय के अध्यापक व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और छात्र छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना, सुरक्षा के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं और यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सेवाओं की जानकारी देना था। इस दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं, जैसे कि 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और महिला पावर लाइन जैसी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।कार्यक्रम में बताया गया कि यूपी पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं को क्रियाशील किया गया है, जिनमें महिला हेल्पलाइन, स्मार्ट सिटी कैमरे, और फील्ड पुलिस पेट्रोलिंग जैसे उपाय शामिल हैं। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने के तरीकों पर शिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समानता को बढ़ावा देना है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## जोन-दक्षिणी/ थाना -कृष्णानगर

प्रेसनोट सं0-242
दिनांक-25.01.2025

- **01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण -**

थाना कृष्णानगर पुलिस टीम द्वारा मा0 न्यायालय से निर्गत 01 अदद गैर जमानतीय अधिपत्र वाद सं0 2380/11 अ0सं0 515/02 धारा 323/506 भादवि0 थाना कृष्णा नगर लखनऊ से सम्बन्धित 01 नफर वारन्टी अभियुक्त श्री संदीप सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी- जे 427 इन्द्रलोक कालोनी थाना कृष्णानगर लखनऊ उम्र 44 वर्ष को आज दिनांक 25.01.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र से अवगत कराते हुए अभियुक्त के घर से गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गयी है। अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. श्री संदीप सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी-जे 427 इन्द्रलोक कालोनी थाना कृष्णानगर लखनऊ उम्र 44 वर्ष ।

**03-वाद संख्या/मु0अ0सं0 व धारा –**

1. वाद सं0 2380/11 अ0सं0 515/02 धारा 323/506 भादवि0 थाना कृष्णा नगर लखनऊ ।

**04-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री प्रद्युम्न कुमारसिंह, थाना कृष्णानगर लखनऊ ।
2.उ0नि0 श्री हरिश्चन्द कुमार, थाना कृष्णानगर लखनऊ ।
3.का0 योगेन्द्र सिंह,थाना कृष्णानगर लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-236**
**दिनांक 25.01.2024**

## जोन-पश्चिमी/ थाना -माल

- **01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

थाना माल पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियान के अन्तर्गत 01 नफर वारण्टी अभियुक्त इन्द्रसेन पुत्र रामबक्श नि0 ग्राम दलथम्भा पोस्ट भगवन्तपुर थाना माल जनपद लखनऊ को मा0 प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जनपद उन्नाव द्वारा जारी वारण्ट मु0अ0सं0 18/2018 धारा 125(3) भादवि थाना औरास जनपद उन्नाव के क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम दलथम्भा में अभियुक्त के घर दबिश दी गयी, अभियुक्त अपने घर पर मौजूद मिला ,माननीय न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र से अवगत कराते हुए आज दिनांक 25.01.2025 पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**02-गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण-**

1.इन्द्रसेन पुत्र रामबक्श नि0 ग्राम दलथम्भा पोस्ट भगवन्तपुर थाना माल लखनऊ उम्र 31 वर्ष

**03-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- उ0नि0 श्री राहुल पाण्डेय

2- आ0 प्रदीप कुमार

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-237**
**दिनांक 25.01.2024**

## जोन-पश्चिमी/ थाना -माल

- **01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01- संक्षिप्त विवरण-**

थाना माल पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियान के अन्तर्गत 01 नफर वारण्टी अभियुक्त हरिशंकर पुत्र स्व0 गजोधर नि0 ग्राम मवईखुर्द थाना माल जनपद लखनऊ को मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम IV लखनऊ द्वारा जारी वारण्ट वाद सं0 29519/21 मु0अ0सं0 523/19 धारा 60(2) आबकारी अधि0 थाना माल में मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम मवईखुर्द में अभियुक्त के घर दबिश दी गयी, अभियुक्त अपने घर पर मौजूद मिला ,माननीय न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र से अवगत कराते हुए आज दिनांक 25.01.2025 पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**02-गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण-**

1.हरिशंकर पुत्र स्व0 गजोधर नि0 ग्राम मवईखुर्द थाना माल जनपद लखनऊ उम्र 40 वर्ष

**03-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- उ0नि0 श्री रामसजीवन सरोज

2- आ0 आशीष

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-240**
**दिनांक 25.01.2024**

## जोन-पश्चिमी/ थाना -माल

- **01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

थाना माल पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियान के अन्तर्गत 01 नफर वारण्टी अभियुक्त कमलेश पुत्र दर्शन रैदास नि0 ग्राम चन्दवारा थाना माल जनपद लखनऊ को मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम IV लखनऊ द्वारा जारी वारण्ट वाद सं0 4976/13 मु0अ0सं0 209/2000 धारा 323/504/506 भादवि थाना माल में मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम चन्दवारा में अभियुक्त के घर दबिश दी गयी, अभियुक्त अपने घर पर मौजूद मिला ,माननीय न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र से अवगत कराते हुए आज दिनांक 25.01.2025 पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**02-नाम व पता वारण्टी अभियुक्तः-**

1.कमलेश पुत्र दर्शन रैदास नि0 ग्राम चन्दवारा थाना माल जनपद लखनऊ उम्र 48 वर्ष

**03-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- उ0नि0 श्री हरिओम सिंह

2- आ0 मो0 दानिश

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## जोन-मध्य/ थाना -नाका

**प्रेस नोट सं0-243**
**दिनांक-25.01.2025**

- **थाना क्षेत्र में अपराध कारित करने की योजना बनाते हुये 06 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से 01 अवैध देशी पिस्टल व सेंधमारी के औजार किये गये बरामद।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

थाना नाका पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सेंधमारी कर अपराध कारित किये जाने की योजना बनाते हुये अभियुक्तगण 1.नन्दन जायसवाल पुत्र स्व भानू जायसवाल निवासी 279/25 पानदरीवा चारबाग थाना नाका हिण्डोला लखनऊ उम्र करीब 32 वर्ष, 2.ईशान चौरसिया उर्फ तनिष्क पुत्र श्री गजराज कश्यप उर्फ गुड्डू निवासी 279/06 नियर तुलसी होटल पानदरीबा चारबाग थाना नाका हिण्डोला लखनऊ उम्र करीब 20 वर्ष, 3.अरबाज खान पुत्र अख्तर खान निवासी 279/14 क चपरासी वाली गली पानदरीबा चारबाग थाना नाका हिण्डोला लखनऊ उम्र करीब 18 वर्ष, 4.मोहित सिंह पुत्र हनुमान सिंह निवासी अनवर का किराये का मकान म0न0-279/14 क चपरासी वाली गली पानदरीवा चारबाग थाना नाका हिण्डोला जनपद लखनऊ उम्र करीब 23 वर्ष, 5.शनि दूबे उर्फ जयदीप पुत्र स्व राजेश दूबे निवासी सिंधी स्कूल के सटा मकान ,मबैया थाना आलमबाग उम्र करीब 18 वर्ष, 6.सूरज उर्फ सूजल कश्यप पुत्र रमेश कश्यप निवासी 279/08 पानदरीबा चारबाग लखनऊ हस्व उम्र करीब 18 वर्ष को दुर्गापुरी मेट्रोस्टेशन के पास खाली स्थान से आज दिनांक 25.01.2025 को गिरफ्तार करते हुये थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 15/2025 धारा 313 बीएनएस व मु0अ0सं0 16/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुये नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0 15/2025 धारा 313 बीएनएस थाना नाका हिण्डोला लखनऊ
02. मु0अ0सं0 16/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नाका हिण्डोला लखनऊ

**03-गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरण-**

1.नन्दन जायसवाल पुत्र स्व भानू जायसवाल निवासी 279/25 पानदरीवा चारबाग थाना नाका हिण्डोला लखनऊ उम्र करीब 32 वर्ष

2.ईशान चौरसिया उर्फ तनिष्क पुत्र श्री गजराज कश्यप उर्फ गुड्डू निवासी 279/06 नियर तुलसी होटल पानदरीबा चारबाग थाना नाका हिण्डोला लखनऊ उम्र करीब 20 वर्ष

3.अरबाज खान पुत्र अख्तर खान निवासी 279/14 क चपरासी वाली गली पानदरीबा चारबाग थाना नाका हिण्डोला लखनऊ उम्र करीब 18 वर्ष

4.मोहित सिंह पुत्र हनुमान सिंह निवासी अनवर का किराये का मकान म0न0-279/14 क चपरासी वाली गली पानदरीवा चारबाग थाना नाका हिण्डोला जनपद लखनऊ उम्र करीब 23 वर्ष

5.शनि दूबे उर्फ जयदीप पुत्र स्व राजेश दूबे निवासी सिंधी स्कूल के सटा मकान, मबैया थाना आलमबाग उम्र करीब 18 वर्ष

6.सूरज उर्फ सूजल कश्यप पुत्र रमेश कश्यप निवासी 279/08 पानदरीबा चारबाग लखनऊ हस्व उम्र करीब 18 वर्ष

**04-बरामदगीः-**

- 01 अदद अवैध देशी पिस्टल
- 01 अदद कारतूस 32 बोर
- 01 अदद सरिया लोहा
- 01 अदद प्लास
- 01 अदद पेचकस
- 02 अदद डन्डे

**05-गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1- प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र त्रिपाठी थाना नाका हिण्डोला लखनऊ

2- उ0नि0 छत्रजीत सिंह थाना नाका हिण्डोला लखनऊ

3- उ0नि0 सुधान्शु रंजन थाना नाका हिण्डोला लखनऊ

4- प्रशिक्षु उ0नि कुलदीप कुमार सिंह थाना नाका हिण्डोला लखनऊ

5- प्रशिक्षु उ0नि0 उपेन्द्र सिंह थाना नाका हिण्डोला लखनऊ

6- आरक्षी मनोज कुमार थाना नाका हिण्डोला लखनऊ

7- आरक्षी शिवराज थाना नाका हिण्डोला लखनऊ